हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

11 गांव के लोगों ने ड्रॉ प्रक्रिया का बहिष्कार किया



12 सड़कें जलमग्न, दो हिस्सों में बंटा शहर



## खबर संक्षेप

### यंत्रों के लिए ऑनलाइन ड्रा 3 सितंबर को

**सोनीपत।** किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन से जुड़े कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन ड्रा 3 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। यह ड्रा दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय की तीसरी मंजिल पर उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में विभागीय पोर्टल पर किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि कृषि विभाग के पोर्टल पर इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2025 थी। जिले के कुल 1953 किसानों ने विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए आवेदन किया। इनमें सबसे अधिक 1371 आवेदन सुपर सीडर के लिए आए।

### छह साल की बच्ची से अभद्रता का आरोप

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में छह साल की बच्ची के साथ अभद्रता करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह लेबर का काम करती है। देर शाम को काम करने के बाद खाना खाकर सो गए। रात को उसकी बेटी की रोने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने देखा तो उनके साथ काम करने वाला युवक उसकी बेटी को उठाकर ले गया था। उसके साथ गलत काम करने की नीयत से उठाकर ले गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं।

### फंदे से लटका मिला युवती का शव

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र की सिक्का कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितयों में युवती का शव फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सिक्का कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसकी बेटी सपना (24) में पढ़ती थी। वह काफी दिनों से मानसिक परेशान चल रही थी। मंगलवार को उसने ऊपर कमरे में जाकर फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**खरखौदा।** आईएमटी खरखौदा में नीलगिरी कंपनी के सामने कार व मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि एक युवक की मौत हो गई। बलिया उत्तर प्रदेश निवासी जितेंद्र ने बताया कि वह, पवन व राजधारी कुमार तीनों एम टेक कंपनी में काम करते हैं। ड्यूटी के बाद तीनों मोटरसाइकिल पर खरखौदा लौट रहे थे। जब वे नीलगिरी कंपनी के सामने पहुंचे तो सामने से आ रही कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वे तीनों बुरी तरह घायल हो गए। घायल अवस्था में तीनों को खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने राजधारी को मृत घोषित कर दिया।

### महिला से अभद्रता व बेटे से मारपीट का आरोप

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में महिला से अभद्रता व बीच-बचाव के लिए आए उसके बेटे से मारपीट कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीन आरोपितो को नामजद किया है। पुलिस आरोपितो की तलाश कर रही है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि तीन युवकों शराब के नशे में आए। उसके साथ अभद्रता करने लगे। उसने शोर मचाया तो उसका बेटा बीच-बचाव करने के लिए आ गया। हमलावरों ने उसके बेटे को पीट- पीटकर घायल कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## यमुना का कहर

» गांव गढ़ असदपुर के 40 परिवारों को यमुना के पानी से बचाया गया

» तीन गांवों के ग्रामीणों को पानी से निकालकर बड़ौली के मंदिर में ठहरने का किया गया है इंतजाम

» यमुना के तटीय इलाकों में स्थित स्कूलों की छुट्टी, उपायुक्त ने दिए आदेश

# गांव जाजल, मनौली और टोंकी में घुसा पानी, मीरकपुर में 100 से अधिक गायें पानी में फंसी, टीम ने सभी जगह किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लगातार जारी बारिश के बीच यमुना का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया है। हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिसका सीधा असर यमुना किनारे बसे गांवों पर दिखाई दे रहा है। इसी बीच गढ़ मीरकपुर गांव में सुबह के समय 100 से अधिक गायें पानी के तेज बहाव में फंस गई, जिन्हें प्रशासन ने ग्रामीणों की मदद से मुश्किल से रेस्क्यू किया गया। कई घंटों की मेहनत के बाद गायों को सकुशल निकाला गया। इसे अलावा जाजल, मनौली और टोंकी गांव में यमुना का पानी घुस गया। देर शाम इन गांवों के ग्रामीणों को सकुशल निकालने का काम शुरू कर दिया गया है। देर शाम तक बड़ौली गांव के मंदिर में ग्रामीणों के ठहरने का इंतजाम किया जा रहा है। दूसरी ओर यमुना के उफान को देखते हुए तटीय गांवों के स्कूलों की छुट्टी के आदेश जारी कर दिए हैं। हथिनीकुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। हथिनीकुंड बैराज से सोमवार को छोड़ा गया साढ़े 3 लाख क्यूसेक पानी मंगलवार को जिले की सीमा में प्रवेश कर गया। वहीं, मंगलवार को हथिनीकुंड से डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया जो बुधवार को दोपहर तक पहुंचेगा।

मनौली व टोंकी गांव





### प्रशासन की टीम ने नाव की मदद से निकाले मवेशी

गांव गढ़ मीरकपुर से बड़ी खबर आई, जहां पानी के तेज बहाव में 100 से ज्यादा गायें फंस गई। गांव गढ़ मीरकपुर के लोग सुबह से ही घबराए हुए थे क्योंकि अचानक पानी बढ़ने से मवेशी बीच में फंस गए। सूचना उपायुक्त कार्यालय में दी गई तो प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों ने भी हिम्मत दिखाई और रस्सियों व नाव की मदद से मवेशियों को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला।

### 40 परिवार यमुना के बीच खेतों में फंस गए थे

इसी तरह गांव गढ़ी असदपुर में करीब 40 परिवार यमुना के बीच खेतों में रह रहे थे। ये लोग खेती-बाड़ी के लिए वहीं डेरा डाले हुए थे। अचानक पानी का स्तर बढ़ने से इनके घरों तक खतरा पहुंच गया। एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, बीडीपीओ अंकुर कुमार और पूरी प्रशासनिक टीम वहां पहुंची। सभी परिवारों को तुरंत रेस्क्यू कर गांव असदपुर में सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया।

### ग्रामीणों को गांवों से निकालने का काम शुरू

मनौली, जाजल और टोंकी गांवों में पानी घुस गया। अलसुबह ही यमुना का पानी गांवों में घुस गया था। दोपहर बाद प्रशासन ने बढ़ते पानी को देखते हुए ग्रामीणों को गांवों से निकालने का काम शुरू कर दिया। देर शाम समाचार लिखे जाने तक इन गांवों के प्रभावित ग्रामीणों को बड़ौली गांव के मंदिर में ठहरने का इंतजाम किया जा रहा है। इसके अलावा यमुना के तटीय गांवों बने स्कूलों में छुट्टी के निर्देश दिए गए हैं।

### तटीय गांवों का दौरा करने पहुंचे उपायुक्त

उपायुक्त सुशील सारवान ने बारिश में ही मंगलवार को यमुना तट के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने पबसरा, मनौली, टोकी और आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की। डीसी ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, जिला प्रशासन हर वक्त आपके साथ खड़ा है।



डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तटीय गांवों में पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं और पशुधन की सुरक्षा के लिए सभी इंतजाम सुचारू रखे जाएं।

### 15 दिन के लिए गांवों में ठीकरी पहरा लगे

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने यमुना किनारे स्थित गांवों में ग्राम पंचायतें दिन-रात ठीकरी पहरे लगाकर गश्त सुनिश्चित करेंगी। सभी युवा ग्रामीणों को इसमें भाग लेना होगा ताकि नालों, पुलों और रिंगबंदों की सुरक्षा की जा सके। ये आदेश अगले 15 दिनों तक लागू रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन यमुना क्षेत्र की निगरानी कर रहा है। जहां कहीं भी किसी के फंसे होने की खबर मिलती है, तुरंत रेस्क्यू टीम भेजी जाती है।

## गन्नौर में यमुना उफान पर फसलों को भारी नुकसान

**गन्नौर।** ताजेवाला हेड से भारी मात्रा में छोड़े गए पानी ने गन्नौर क्षेत्र की यमुना नदी में जलस्तर को अचानक बढ़ा दिया है। लगातार बढ़ रहे पानी के दबाव से यमुना नदी अब अपने किनारों से सटकर बहने लगी है, जिससे आसपास के गांवों के लोगों में चिंता का माहौल है। नदी के तेज बहाव के कारण खेतों में खड़ी सब्जियों, गन्ने और अन्य फसलों के डूबने का खतरा पैदा हो गया है। पानी खेतों में प्रवेश कर चुका है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की आशंका बढ़ गई है। बेगा के किसान यूनस व ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो दिनों से यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ताजेवाला हेड से छोड़े गए पानी ने स्थिति और गंभीर कर दी। नदी की धार तटबंधों को छूते हुए गुजर रही है।

किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तटबंधों को मजबूत किया जा रहा और पानी का रुख गांवों की ओर न मुड़े इसके लिए उपाय किए जा रहे है। किसानों का कहना कि सबसे ज्यादा नुकसान सब्जियों और गन्ने की फसलों को हो रहा है।

बेगा गांव





### सब्जियां खराब हुई

कई जगह खेतों में पानी जमा हो गया है, जिससे पत्तेदार सब्जियां पूरी तरह नष्ट होने की कगार पर पहुंच जाएगी। वहीं, गन्ने और धान की फसलों पर भी खतरा मंडराने लगा है। प्रशासन भी हालात पर नजर बनाए हुए है। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर यमुना नदी की स्थिति का जायजा लिया।

## अब बेसहारा गोवंश से मिलेगी राहत सोनीपत नंदीशाला में छोड़े जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहरवासियों को बेसहारा गोवंश से जल्द राहत मिलने वाली है। नगर पालिका प्रशासन ने इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए नंदीशाला में गोवंश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए नगरपालिका ने टेंडर आमंत्रित किए हैं, जो 5 सितंबर को खोले जाएंगे। जिसके बाद यह जिम्मेदारी एक एजेंसी को दी जाएगी, जिसे 3 वर्षों तक गोवंश को पकड़ कर नंदीशाला में छोड़ना होगा। नगर पालिका प्रत्येक गोवंश के लिए तय राशि का भुगतान करेगी। इससे सड़कों पर घूम रहे गोवंश को सुरक्षित स्थान मिल जाएगा और शहर की स्थिति में सुधार आएगा। हालांकि इससे पहले भी नगरपालिका ने एक साल के लिए टेंडर लगाया था, लेकिन गोशालाओं में जगह के अभाव में यह सिरे नहीं चढ़ पाया।

बता दें कि गन्नौर की गोशालाओं में पहले से ही क्षमता पूरी हो चुकी है, जिसके चलते बेसहारा गोवंश सड़कों और गलियों में भटक रहे थे। यह स्थिति न केवल यातायात बाधित कर रही थी, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी चुनौती बनी हुई थी। अब इन बेसहारा गोवंश को सोनीपत स्थित नंदीशाला में भेजा जाएगा, जहां उन्हें सुरक्षित आश्रय मिलेगा।



### विधायक के प्रयास से बनी सहमति

नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि विधायक देवेंद्र कादियान के प्रयास के बाद अब सोनीपत नंदीशाला में गोवंश भेजने पर सहमति बन चुकी है। जिससे अब सड़कों और गलियों से बेसहारा गोवंश हटने से यातायात सुगम होगा और लोगों को राहत मिलेगी।



प्रदीप खर्ब

## भाभी से अभद्रता करने के दोषी को सात साल कैद

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में महिला से अभद्रता करने व अश्लीलता करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. जसबीर सिंह की अदालत ने दोषी को सात साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत न दोषी पर अलग-अलग धाराओं में 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक महिला ने 4 जून 2021 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने घर पर अपने कमरे में अकेली थी। उसी दौरान उसका देवर सोमबीर उर्फ सोनू कमरे में आ गया। उसे पीछे से पकड़कर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। उसके पूरे शरीर पर हाथ फेर दिया। आरोप है कि आरोपित ने विरोध करने पर नुकीली वस्तु से उसे घायल कर दिया।

किसी से कुछ बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद फरार हो गया। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। सुनवाई करते हुए एएसजे डॉ. जसबीर सिंह की अदालत ने दोषी को सजा सुनाई है।

## चिटाना गांव में बुजुर्ग महिला के मकान की छत गिरी, बाल-बाल बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

चिटाना गांव में सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बुजुर्ग महिला गंगा देवी के मकान की छत अचानक गिर गई। हादसे के समय महिला घर में मौजूद थी, लेकिन सौभाग्य से उनकी जान बच गई। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पार्षद संजय बड़वासनिया मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गांव में कई गरीब परिवारों के मकान जर्जर हालत में हैं, लेकिन सरकारी योजनाओं का लाभ बहुत कम लोगों तक ही पहुंच रहा है। बड़वासनिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अधिक परिवारों को शामिल करने और अधूरे पड़े मकानों को जल्द पूरा करने की मांग की। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण कई गरीब परिवारों के मकान खतरनाक स्थिति में हैं। कई लोगों ने ब्याज पर पैसे लेकर मकान का काम शुरू किया है।



बुजुर्ग महिला के साथ जिला पार्षद।

### गांव पहलादपुर किडोली में वर्षा में जच्चा-बच्चा केंद्र की छत गिरी

खरखौदा के गांव पहलादपुर किडोली में जच्चा-बच्चा केंद्र की छत गिर गई, जिससे स्वास्थ्य कर्मियों व वहां आने वाली मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूसरी और सोनीपत शहर में हिंदू विद्यापीठ वाली गली में 33केवीए की लाइन पर पेड़ उखड़कर गिर गया। हालांकि इस दौरान बिजली आपूर्ति चालू रही। स्थानीय लोगों ने घरों में करंट आने के खबरे की आशंका को लेकर बिजली निगम अधिकारियों को फोन किया और बिजली सप्लाई काटने की मांग की। साथ ही तार पर गिरे पेड़ को जल्द हटवावने की भी मांग की।

### अच्छी कमाई का साधन था कटरा वाला रूट

# कटरा रूट पर बस संचालन बंद हुआ रोडवेज को तीन लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पहाड़ों में हो रही तेज वर्षा का असर अब रोडवेज के संचालन पर भी दिखाई देने लगा है। हालात को देखते हुए सोनीपत डिपो ने कटरा रूट पर बस सेवा अस्थायी रूप से बंद कर दी है। यात्रियों की सुविधा के लिए अब बसों का संचालन केवल जालंधर तक किया जा रहा है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की संख्या और मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर ही फिलहाल जालंधर तक सेवा दी जा रही है। जैसे ही हालात सामान्य होंगे, कटड़ा तक बस संचालन दोबारा शुरू कर दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, करीब सात दिन से कटरा रूट बंद है, जिससे रोडवेज को लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हो चुका है। पहले इस रूट पर रोजाना तीन बसें कटरा तक चलाई जाती थीं, जिनसे औसतन 1.20 लाख रुपये की आमदनी होती थी।

लेकिन जालंधर तक ही संचालन होने से यात्रियों की संख्या घटी है और अब आमदनी घटकर करीब 80 हजार रुपये प्रतिदिन रह गई है। इस प्रकार रोजाना लगभग 40 हजार रुपये की हानि हो रही है। वहीं अन्य सभी रूट, जैसे शिमला, मथुरा, सिरसा, नारनौल, हरिद्वार और चंडीगढ़ रूट पर संचालन सामान्य रूप से जारी है। यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न रूटों पर एसी बसों का संचालन भी किया जा रहा है।



- मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर ही फिलहाल जालंधर तक सेवा दी जा रही
- अब आमदनी घटकर करीब 80 हजार रुपये प्रतिदिन रह गई है

### अभी इंतजार

वर्षा के कारण बनी परिस्थितियों को देखते हुए फिलहाल बसों को केवल जालंधर तक भेजा जा रहा है। हालात सुधरते ही कटड़ा रूट पर सेवा बहाल कर दी जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जरूरी कदम उठाने का काम समय-समय पर किया जाता है।

*-सुरेंद्र दुग्गल, एसएस, रोडवेज डिपो।*

### अलग-अलग स्थानों से युवती और दो किशोरियां लापता

**सोनीपत।** जिले में लापता होने के दो अलग-अलग मामलों ने पुलिस और परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। कुंडली थाना क्षेत्र के गांव बरोटा से 24 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में अज्ञात व्यक्तियों पर युवती को बंधक बनाने का आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी तरह एक अन्य मामले में दो किशोरियां भी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गईं। परिजनों के अनुसार, दोनों छात्राएं घर से स्कूल जाने के लिए स्कूटी पर निकली थीं, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटीं। काफी खोजबीन करने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लगा।

परिजनों ने आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायत दी है। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है। संबंधित थानों की टीमें आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क कर रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही गुमशुदा युवती और दोनों छात्राओं का पता लगाया जाएगा।

## यमुना में बढ़ते जलस्तर और डेंगू को लेकर विभाग अलर्ट



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद स्वास्थ्य कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

यमुना नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में अलर्ट जारी कर दिया है। बाढ़ प्रभावित गांवों में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सकों की विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। विभाग ने लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करने का अभियान भी शुरू किया है। इसके साथ ही दवाइयों और परामर्श की उपलब्धता सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है। मंगलवार को जिला नागरिक अस्पताल के प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने सभी एसएमओ को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सितंबर माह डेंगू के प्रसार के लिहाज से संवेदनशील है, इसलिए विभाग पूरी तरह सतर्क रहे। जिले में अब तक 29 डेंगू मरीज सामने आ चुके है। स्थिति को देखते हुए डेंगू की रोकथाम और इलाज के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे है। सीएमओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण और डेंगू बचाव को लेकर आपसी समन्वय बनाए रखें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि घरों और आसपास पानी को जमा न होने दें तथा मच्छरदानी और रिपेलेंट का प्रयोग करें।



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।



## लाइफ Style

# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेसट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

## हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

## टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



# अमेरिका में पायर का डंका
## तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह

**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।

***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत' का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।




### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा' से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्में थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उत्पन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर' पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर होगा प्रदर्शन

**गोहाना।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर 4 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा। धरने पर विभिन्न विभागों के कर्मचारी भाग लेकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा की महासचिव पुष्पा दलाल ने कहा कि इस धरने और प्रदर्शन में आंगनवाड़ी वर्कर्स भी बढ़ चढ़कर भाग लेंगी। हरियाणा में 118 दिन चले आंदोलन में हमारी 975 बहनें जो हड़ताल के दौरान निकाली गई थी।

### न्यात की व्यायामशाला में बच्चों को सिखाया योग

**गोहाना।** गांव न्यात स्थित व्यायामशाला में बच्चों को योग सिखाया गया। योग के अलावा व्यायामशाला में बच्चों की प्रतिभा तराशने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में योग सहायक नीलम ने खेल व योग गतिविधियां करवाई। नीलम ने ग्रामीणों को योग व खेलो के महत्व को बताते हुए कहा कि खेलों से भाईचारा व समाज में एकता बढ़ती है। खेलों से बच्चों में टीमवर्क काम करने की भावना विकसित होती है और शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

### महासंघ ने प्रधानमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

**सोनीपत।** अखिल भारतीय ड्राइवर महासंघ ने सोमवार को सोनीपत में बैठक कर ड्राइवर वर्ग की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को ज्ञापन भेजा। महासंघ ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और परिवहन तंत्र की रीढ़ होने के बावजूद ड्राइवरों को आज तक पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा और सुविधाएं नहीं मिलीं। महासंघ की प्रमुख मांगों में ड्राइवर आयोग का गठन, प्रत्येक व्यावसायिक ड्राइवर को 1 करोड़ रुपये का बीमा, पेंशन योजना, स्वास्थ्य सुविधाएं, विश्राम स्थलों की व्यवस्था, कार्य घंटों की सीमा तय करना और बच्चों के लिए छात्रवृत्ति शामिल हैं।

### इन्वर्टर और पानी की टंकी भेंट की

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत आरआईटी द्वारा फाजिलपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इन्वर्टर, पानी की टंकी तथा मिठाइयां भेंट की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष पुनीत जग्गा, सचिव अंकुश शर्मा तथा मीटिंग चेयरमैन क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश कटारिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों से संवाद किया और उन्हें बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

### उद्यमिता दिवस पर किया प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनीपत।** दून सीनियर सैकेंडरी स्कूल में उद्यमिता दिवस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता, नवाचार और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना था। छात्रों ने सृजनात्मकता, टीमवर्क और व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में हितेशी ने प्रथम, कुसुम ने द्वितीय और मंसी ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

*ग्रामीणों का आरोप, विरोध के बावजूद भी नहीं मानी बात*

# पुनर्वास प्लाट आवंटन पर भड़के टेहा के ग्रामीण, ड्रा प्रक्रिया का बहिष्कार

मंडी परिसर से बाहर आकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई

*ग्रामीण बोले-करोड़ों की संपति गई, बदले में दे रहे मुट्ठी भर जमीन*



डॉ के बाद पुनर्वास प्लाट आवंटन पर भड़के टेहा के ग्रामीण ड्रा प्रक्रिया का विरोध करते व ड्रा प्रक्रिया के दौरान मौजूद ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

मंगलवार को पुनर्वास के लिए अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी के निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन को लेकर प्लाट आवंटन की प्रक्रिया शुरू हुई। हालांकि अधिकतर लाभार्थियों ने इसका विरोध करते हुए ड्रा प्रक्रिया का बहिष्कार कर दिया और मंडी परिसर से बाहर आकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। ड्रा के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम प्रवेश कादियान व बागवानी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। लाभार्थियों के विरोध के बावजूद ड्रा प्रक्रिया जारी रखी गई और पात्र लोगों को प्लाट आवंटित कर दिए गए। एसडीएम प्रवेश कादियान के अनुसार कुल 51 लाभार्थियों को प्लाट आवंटन किया गया। इनमें से 10 ऐसे थे जिनका वर्षों से पंचायत की जमीन पर कब्जा था, उन्हें 2-2 मरले के प्लाट मिले। वहीं 41 मालिकाना हक वाले लाभार्थियों में से 0 को 2 मरले, 11 को 4 मरले, 7 को 6 मरले, 3 को 8 मरले, 3 को 10, 5 को 14 मरले व 2 को 1-1 कनाल के प्लाट आवंटित कर दिए गए।- ग्रामीणों का विरोध, मुख्यमंत्री से की हस्तक्षेप की मांगः विरोध कर रहे ग्रामीण दिनेश स्वामी, नरेश, विनोद आदि का कहना है कि उनकी करोड़ों रुपये की संपति सरकार ने मंडी के लिए अधिग्रहित कर ली। इसके बदले में अब उन्हें मुट्ठी भर जमीन पुनर्वास के नाम पर दी जा रही है, वह भी रुपये



भरवाकर। यह पूरी तरह से घाटे का सौदा है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी व विधायक देवेंद्र कादियान से मांग करी कि इस मामले में हस्तक्षेप कर उनका हक दिलाएं। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री व विधायक पर पूरा भरोसा है कि वह उन्हें उनका हक जरूर दिलाएंगे।

**उचित कार्रवाई होगी**

इस संबंध में एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि जिस समय ड्रा प्रक्रिया शुरू हुई उस समय सभी लाभार्थी मौजूद थे। जिन लोगों ने अपनी समस्याएं रखी हैं उनका अध्ययन कर जो भी उचित कार्रवाई होगी वह अमल में लाई जाएगी।

**सर्वे पर भी उठाए सवाल**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिग्रहण के समय मार्किटिंग बोर्ड द्वारा करवाया गया सर्वे गलत था। जमीन पर मालिकाना हक वालों की संख्याअधिक थी, जबकि सर्वे में उन्हें कम दिखाया गया। कई वास्तविक मालिकों के नाम सूची में ही शामिल नहीं किए गए। उन्होंने दोबारा सर्वे कराने की मांग रखी है।

**कोर्ट में मामला लंबित**

ग्रामीणों ने बताया कि यह मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद प्रशासन जबरदस्ती ड्रा प्रक्रिया कर उन्हें प्लाट भी आवंटित कर दिए गए हैं। यह न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है। न्यायपालिका जो भी फैसला करेगी उन्हें स्वीकार होगा, लेकिन अधिकारियों को भी न्यायपालिका के आदेशों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।



सोनीपत। जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते सीजेएम साथ में डॉ. पूर्णमल गौड़ एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

## लाला गंगाराम जैन की पुण्यतिथि पर सिलाई मशीन और कंबल वितरित

- पुण्यतिथि पर विशाल हवन का कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

भगवान महावीर एजुकेशन फाऊंडेशन जगदीशपुर द्वारा लाला गंगाराम जैन की पुण्यतिथि पर विशाल हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सोनीपत के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रचेता सिंह को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. पूर्णमल गौड़ को आमंत्रित किया गया।

मुख्य अतिथि ने गरीब महिलाओं एवं विधवाओं को सिलाई मशीन एवं कंबल वितरित किए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की जन्म जयंती और पुण्य तिथियां पर गरीब विधवा पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता व जरूरत की वस्तुएं प्रदान कर उनकी सहायता करनी चाहिए। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सतवीर जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। सुरेश ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गरीब निर्धन विधवा एवं असहाय लोगों की सभी प्रकार से सहायता करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि डा. पूरणमल गौड़ ने भगवान महावीर संस्थाओं की स्थापना में लाला गंगाराम जैन की प्रेरणा और सहयोग की पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डॉ. पूर्णिमा जैन, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनीत गर्ग, योगेश कौशिक, अरुण बंसल, प्रोफेसर अजय मोंगा और संस्था के प्राध्यापक छात्र उपस्थित रहे।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में रितु प्रथम

### राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

बड़ौता गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा एड्स रोकथाम पर व्याख्यान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूथ रेडक्रॉस की इंचार्ज डॉ. अनुराधा मलिक ने व्याख्यान दिया। इस दौरान उक्त विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीसीए की छात्रा रितु शर्मा, द्वितीय स्थान पर बीकॉम का छात्र पुनीत शर्मा एवम तृतीय स्थान पर बीए के छात्र मोहर सिंह रहे। निर्णायक मंडल में शान देवी और महक सिंघल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुंडू ने की गई। इस अवसर पर नेहा सपरा और डॉ. मेहर सिंह उपस्थित थे।



प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देते वक्ता एवं शिक्षकगण।

## अनियमितताओं के चलते सोहटी का रिकॉर्ड तलब

- रिकॉर्ड जमा न कराए जाने पर निलंबन की होगी सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट सुरेंद्र आर्य ने सोहटी गांव की सरपंच व उसके पति को रिकॉर्ड जमा कराने के लिए अंतिम नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि महिला सरपंच बबीता व उसके पति जितेंद्र के खिलाफ ग्रामीणों ने काफी शिकायत दी हैं। जिनका संज्ञान लेते हुए विभाग ने जांच शुरू की है। जांच से पता चला है कि महिला सरपंच के हस्ताक्षर की जगह उसके पति ने सरकारी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं। बीडीपीओ बताते हैं कि गांव 158 लाभार्थियों को सौ सौ गज के प्लाट आवंटित किए हैं। प्लाट मिलने के बीस पात्र व्यक्तियों ने शिकायत दी है कि सरपंच के पति ने अपने चहेतों को प्लाट दिए हैं। इतना ही नहीं, 158 में से 50 लाभार्थियों ने घूस लेकर प्लाट दिए जाने का आरोप लगाया है। नतीजतन वास्तविक लाभार्थी लाभ से वंचित हो गए। इस मामले में न्यायालय द्वारा स्टे दिया गया है। गांव में बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे किए रहे हैं। इसके बावजूद न तो अवैध कब्जाधारियों को नोटिस दिए गए और न ही कब्जा करने से रोका गया। इसके बाद विभाग ने इस संबंध में सरपंच को नोटिस दिया तो उसका कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके अलावा विभाग की अनुमति व क्वालिटी की जांच कराए बिना पंयाचत द्वारा गांव में 20 से 25 लाख रुपए के सीसीटीवी कैमरे, वाटर कूलर व अन्य कार्य कराए गए हैं।

**अनुचित कार्य करने की हिमाकत न करे**

स्पष्ट है कि सरपंच पति जनहित के कार्यों को अनदेखा करके केवल उन्हीं कार्यों को महत्व दे रहे हैं, जो उनके समर्थकों को खुश कर सके। इसके विपरित जब उन्हें सरकार की योजनाओं को लागू करने के लिए कहा जाता है, तो वे साफ इनकार कर देते हैं। मालूम होता है कि पंचायत द्वारा लाखों रुपए का गबन किया गया है और लाखों रुपए अवैध रूप से ग्रामीणों से वसूले गए हैं। जिसकी जांच के लिए ही विभाग द्वारा बार-बार पंचायत का रिकॉर्ड मांगा जा रहा है, फिर भी रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। अब उन्हें अंतिम चेतावनी दी गई है कि वे या तो पंचायत रिकॉर्ड खंड कार्यालय में जमा कर दें अन्यथा उनके खिलाफ न सिर्फ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी, बल्कि निलंबन की भी सिफारिश की जाएगी। बीडीपीओ का कहना है कि उक्त कठोर कदम इसलिए उठाना पड़ रहा है, ताकि कोई ग्राम पंचायत इस तरह के अनुचित कार्य करने की हिमाकत न कर सके।

**क्लीन चिट दी जाए**

इस प्रकार की अनियमितताओं के दृष्टिगत 9 जुलाई को विभाग ने पंचायत रिकॉर्ड मांगने के लिए पत्र लिखा और बार-बार रिमाइंडर दिए। जिनका सरपंच द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया। सरकार की योजना के अंतर्गत 500 गज के प्लाटों के लिए ग्रामीणों ने आवेदन किया था। ग्रामीण चाहते थे कि उन्हें योजनानुसार प्लाट मिले। लेकिन सरपंच ने प्रस्ताव को रद्द कर दिया। कहना न होगा कि महिला सरपंच व उसका पति विभाग के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। एक तरह से वे ब्लैकमेलिंग कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि पहले उन्हें क्लीन चिट दी जाए।



गोहाना। यादवेंद्र सन्धू को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भगत सिंह की जयंती पर होगा कार्यक्रम

**गोहाना।** शहीद भगत सिंह की जयंती पर गोहाना में देशभक्ति पर आधारित भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह ब्रिगेड और सज्जन सेवा संघ के कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी व आम जन एक किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लेकर देशभक्ति का संदेश देते एक नया इतिहास रचने का काम करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के पौत्र और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने गोहाना में ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। अध्यक्षता स्कूल के एमडी अनिल मलिक ने की। संयोजन शहीद भगत सिंह ब्रिगेड गोहाना के अध्यक्ष मास्टर राजेश लठवाल चिड़ाना ने किया। विशिष्ट अतिथि इन्द्रजीत उर्फ राजू विरमानी रहे।

## महिला शिक्षा में भगत फूल सिंह का योगदान अतुलनीयः प्रो. नेहरा

- दो दिवसीय छात्रा-अभिप्रेरणा कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में नव आगंतुकों छात्राओं के लिए आयोजित दो दिवसीय छात्रा-अभिप्रेरणा कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। सुभाषिणी देवी शोधपीठ की निदेशक प्रो. डेजी नेहरा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए भगत फूल सिंह एवं बहन सुभाषणी के जीवन का परिचय दिया। उनके अनुसार भगत फूल सिंह ने शिक्षा के माध्यम से नारी सशक्तिकरण की शुरुआत मात्र 3 छात्राओं से की थी। इस नारी शिक्षा के नन्हें पौधे को उनकी बेटी सुभाषणी ने वट वृक्ष बना दिया जो आज पूरे उत्तर भारत का एकमात्र राजकीय महिला विश्वविद्यालय है। इस अवसर पर उप प्राचार्या उपासना, प्रो. कल्पना, प्रो. संतोष हुड्डा, प्रो. सुमन, डॉ. शीला व डॉ. राजेश सहित स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थित रहीं।



गोहाना। कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### एनएसएस का दूसरा नाम सेवाः प्राचार्या

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में संवेदना की उड़ान : जर्नी ऑफ हार्ट एंड सर्विस थीम पर एक दिवसीय ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन करते हुए समाज व राष्ट्र सेवा का संदेश दिया गया। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कहा कि राष्ट्र सेवा से बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं है।जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में आयोजित ओरियंटेशन प्रोग्राम में स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। प्राचार्या ने कहा कि एनएसएस का दूसरा नाम सेवा है। एनएसएस के माध्यम से हमें समाज व राष्ट्र की सेवा का अवसर मिलता है। हमें समर्पित भाव से बढ़-चढ़कर राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में एनएसएस की वरिष्ठ स्वयंसेविकाओं ने नई साथियों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। एनएसएस इकाई की सहयोगी प्राध्यापिकाओं मोनिका, मीना कालड़ा, डा. मनीता आदि मौजूद रहे।

## पीएसआई से मारपीट मामले में 3 आरोपित वकीलों की पहचान

- एसोसिएशन ने कहा-कार्रवाई में अधिवक्ता कोई बाधा नहीं डालेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

न्यायालय परिसर में पीएसआई से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपित वकीलों की पहचान कर ली है। पहचान के बाद पुलिस आरोपितों के नोटिस देने पहुंची। इसके साथ में पुलिस ने अन्य आरोपितों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के लिए न्यायालय में आवेदन किया। दूसरी तरफ गोहाना बार एसोसिएशन ने मंगलवार को बैठक बुलाई। एसोसिएशन ने पूर्व में शहर थाना में वकीलों के साथ हुई घटना और अब न्यायिक परिसर में पीएसआइ से हुई घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की। एसोसिएशन ने कहा कि कार्रवाई में अधिवक्ता कोई बाधा नहीं डालेंगे बल्कि निष्पक्ष जांच में सहयोग करेंगे। एसोसिएशन ने पुलिस पर वकीलों को परेशान करने का आरोप लगाकर वर्क सस्पेंड किया। मोहाना थाना में कार्यरत पीएसआइ संदीप सोमवार दोपहर को गोहाना में सोनीपत रोड स्थित न्यायिक परिसर में चालान पेश करने पहुंचे थे। वे अहलमद के कमरे में बैठे थे और चालान चैक करवा रहे थे। उसी समय चार-पांच वकील कमरे में आए और उनके साथ मारपीट की। आरोप लगाया गया कि वकीलों ने पीएसआइ की वर्दी फाड़ने के साथ नेम प्लेट तोड़ दी थी।

## ब्रह्मशक्ति स्कूल के प्राचार्य और उपप्राचार्य डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक अवार्ड से सम्मानित

*युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट ने भिवानी में आयोजित किया समारोह*

- सम्मान प्राप्त कर स्कूल पहुंचने पर चेयरमैन ने शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

ब्रह्मशक्ति स्कूल के प्राचार्य और उपप्राचार्य को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध भिवानी में आयोजित एक भव्य समारोह में शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति, राष्ट्र रक्षा संकल्प जैसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले हरियाणा सहित देश के कई राज्यों से आए स्कूलों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया। जिसमें ब्रह्मशक्ति स्कूल के प्राचार्य रामबीर सिंह और उपप्राचार्य प्रवीन कुमार को पुरस्कार स्वरूप अंगवस्त्र, स्मृति-चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त कर स्कूल पहुंचने पर विद्यालय के चेयरमैन ओपी रंगा सहित सभी स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने प्राचार्य व उप प्राचार्य दोनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद धर्मबीर सिंह रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने की।



खरखौदा। उपप्राचार्य प्रवीन कुमार को सम्मानित करते शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन।




सोनीपत। टीकाराम कन्या महाविद्यालय में विजेताओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### पदमिनी का आइडिया अव्वल

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में उद्यमिता दिवस कार्यक्रम उद्यमिता पखवाड़े के तहत वाणिज्य विभाग द्वारा आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय उद्यमिता रहा। इस प्रतियोगिता का शुभ आरंभ कॉलेज प्राचार्या गीता द्वारा किया गया। कोऑर्डिनेटर की भूमिका डॉ. निशा व प्रतियोगिता को संयोजित डॉ. आशा द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में 7 छात्राओं ने भाग लिया। जिन्होंने आज के युग में कई समस्याओं को उजागर करते हुए अपने आइडिया प्रस्तुत किए। इसमें जज की भूमिका डॉ. सविता व डॉ. मोनिका ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पदमिनी, द्वितीय सोनल व तृतीय सुहानी को मिला। विजेता छात्राओं को प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया। मौके पर कॉमर्स विभाग की अन्य प्राध्यपिकाएं सुमन, सीमा, मीनाक्षी, मनीषा मौजूद रहे।

## राई में 89 तो सोनीपत में 87 एमएम बारिश दर्ज, शनि मंदिर अंडरपास में फिर भरा पानी

# बारिश से सड़कें जलमग्न, शहर दो हिस्सों में बंटा

■ अगले 24 घंटों तक जारी रह सकती है बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में लगातार दूसरे दिन भी बारिश की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। मंगलवार को सुबह के समय बारिश हुई थी, लेकिन कुछ देर बाद रूक गई। वहीं दोपहर बाद शुरू हुई बारिश देर शाम तक लगातार जारी रही। जिसके कारण शहर की सड़कें व गलियां एक बार फिर तालाब बनी रही। लगातार हुई वर्षा ने एक बार फिर निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी, जलभराव ने आमजन की मुश्किलें भी बढ़ा दीं। मुख्य चौक-चौराहों से लेकर कालोनियों तक सड़कों ने तालाब का रूप ले लिया। सबसे अधिक परेशानी शनि मंदिर अंडरपास में पानी भरने से हुई, जिससे शहर दो हिस्सों में बंटा रहा। वहीं वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिले में औसत 56 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसमें सबसे अधिक बारिश राई ब्लॉक में 89 एमएम तो सोनीपत में 87 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

पत्थरों वाली गली



देव नगर



ककरोई चौक



### वाहन चालकों को परेशानी

मौसम विभाग ने पहले ही मंगलवार को तेज वर्षा की संभावना जताई थी और अगले 24 घंटे तक वर्षा की गतिविधियां जारी रहने का पूर्वानुमान दिया है। मंगलवार सुबह से ही आसमान बादलों से घिरा रहा। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे झमाझम वर्षा शुरू हो गई। कुछ ही देर में कई क्षेत्रों में पानी भर गया, जिससे दुपहिया और छोटे वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगह वाहन बंद पड़ गए, जिससे वाहन चालकों के साथ ही पैदल यात्रियों को भी दूषित पानी से होकर गुजरना पड़ा। जलभराव की सबसे गंभीर स्थिति शनि मंदिर अंडरपास, बस स्टैंड रोड, ककरोई रोड, गीता भवन चौक, मामा-भांजा चौक, कच्चे क्वार्टर मार्केट, सेक्टर-14 व 15, प्रमुख बाजार और आवासीय कालोनियों में देखने को मिली। अंडरपास में पानी भर जाने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा और शहर दो हिस्सों में बंटकर रह गया। लोगों ने सवाल उठाए कि हर साल वर्षा में यही हाल होता है, लेकिन निकासी व्यवस्था को सुधारने के ठोस प्रयास नहीं किए जाते।

### कहां कितनी हुई वर्षा

| खंड | सुबह | शाम | कुल |
|---|---|---|---|
| सोनीपत | 15 | 72 | 87 |
| गन्नौर | 10 | 40 | 50 |
| गोहाना | 12 | 25 | 37 |
| खरखौदा | 28 | 18 | 46 |
| खानपुर कलां | 14 | 13 | 27 |
| राई | 21 | 68 | 89 |

### घरों और दूकानों में घुसा पानी

शहर में हुई भारी वर्षा से निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के घरों और दुकानों में भी पानी घुसने की शिकायतें सामने आई। व्यापारी वर्ग ने कहा कि वर्षा के दौरान पानी दुकानों में घुस जाने से सामान खराब हो जाता है और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। वहीं, वाहन चालकों ने बताया कि जलभराव वाले रास्तों से निकलते समय दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। लोगों का कहना है कि निगम और प्रशासन हर साल दावे तो करते हैं, लेकिन जरा सी वर्षा होते ही सारी तैयारियों की पोल खुल जाती है। शहरवासियों ने मांग की कि स्थायी समाधान के लिए नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए।

### एनसीआर में मौसम लगातार परिवर्तनशील बना हुआ

एनसीआर में मौसम लगातार परिवर्तनशील बना हुआ है। 24 घंटे तक वर्षा का दौर जारी रह सकता है। ऐसे में शहरवासियों को और परेशानी झेलनी पड़ सकती है। उसके बाद वर्षा से राहत मिलने के आसार हैं।

-डा. प्रेमदीप, मौसम विज्ञानी, केवीके, जगदीशपुर।

किसानों की समस्याओं पर विधायक कृष्णा गहलावत ने उपायुक्त से करवाया समाधान

## विधायक ने यमुना किनारे बसे गांवों का किया दौरा



राई। विधायक कृष्णा गहलावत ने यमुना किनारे बसे सभी गांवों का दौरा करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हल्के के दर्जनों गांवों से होकर गुजर रही यमुना नदी में पानी पूरे उफान पर है। जिसके चलते यमुना नदी के साथ लगते गांवों के किसानों के खेतों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। इसी बीच राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने मंगलवार को यमुना किनारे गांवों का दौरा किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने एसडीएम, सिंचाई, राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ यमुना घाट पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। विधायक के साथ अधिकारियों के अलावा भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, भैरा बाकीपुर सरपंच जय राम शर्मा मौजूद रहे।

### किसानों ने नुकसान के कराया अवगत

सरपंच भैरा बांकीपुर जयराम शर्मा ने विधायक कृष्णा गहलावत को किसानों को हुए नुकसान व अन्य समस्या से अवगत करवाया तो उसके बाद विधायक ने उपायुक्त से फोन पर बात करके किसानों की समस्याओं का समाधान करवाया। विधायक कृष्णा गहलावत के साथ अधिकारियों के अलावा भैरा बांकीपुर के सरपंच जयराम शर्मा ,मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष इंदर चौहान, विपिन मनोली, सुनील प्रजापति, जय भगवान जोगी, ढीला खेवडा ,प्रमोद मुरथल, नरेंद्र खेवड़ा ,धीर सिंह सरपंच दहिसर, नवीन दहीसरा,बालिराम दहिसरा, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### कैंप में 165 मरीजों की हुई जांच

**सोनीपत।** अग्रवाल धर्मशाला गुड़मंडी में महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप आयोजित किया गया। कैंप में दिल्ली स्थित वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के चिकित्सकों की टीम ने 165 मरीजों की आंखों की जांच की। इनमें से 15 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हें टीम के साथ दिल्ली भेजकर ऑपरेशन करवाया जाएगा। अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को मुफ्त दवाइयां प्रदान की गई। कैंप में जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मों का प्रबंध अर्णव ऑप्टिशियन द्वारा किया गया।

### दोहरे पदक विजेता योगेश हुए सम्मानित

**गोहाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना के छात्र योगेश पुत्र धर्मसिंह ने राज्य ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में एक साथ स्वर्ण व रजत दो पदक हासिल किए। मंगलवार को पदक विजेता व उनकी कोच नीलम को विद्यालय में प्राचार्य सतेंद्र दहिया व उप प्राचार्या सुदेश ने सम्मानित किया। 30 व 31 अगस्त को शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम में राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह चैंपियनशिप हरियाण ग्रेपलिंग संघ द्वारा आयोजित की गई।

*ग्लोबल स्कूल ने पदक विजेता विद्यार्थी को किया सम्मानित*

## राज्य ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में कार्तिक ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां के छात्र कार्तिक संधू ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक कब्जा लिया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया। मंगलवार को पदक विजेता विद्यार्थी को स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने पुरस्कृत किया।



गोहाना। पदक विजेता छात्र कार्तिक संधू को पुरस्कृत करते हुए शिक्षकगण।

### जिलों के खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा की प्रदर्शित

*गोहाना के शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम में 18वीं हरियाणा स्टेट ग्रेपलिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप में जिला सोनीपत, रोहतक, झज्जर, जींद, करनाल और यमुनानगर सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। छात्र कार्तिक संधू ने इस चैंपियनशिप में अंडर-17 आयु वर्ग में 90 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप के लिए कर लिया गया जो देहरादून में आयोजित होगी।*



### सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत सेक्टर 12 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं एवं प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं ने हिस्सेदारी की। इसमें नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी सहभागिता रही। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रांगण कक्षा कक्ष पार्क एवं महाविद्यालय के बाहर का क्षेत्र में सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार, डॉ. मंजीत गहलावत, प्राध्यापिका सविता ने भी हिस्सेदारी की।

*एलआईसी के शिविर में 42 लोगों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य*

## एक यूनिट रक्तदान से बचा सकते हैं 3 जिंदगियां : इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मंगलवार को एलआईसी के स्थापना दिवस पर सेक्टर सात स्थित कार्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में पंजाबी महासंघ गोहाना के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी और नगर परिषद गोहाना की अध्यक्ष रजनी विरमानी मुख्य अतिथि रहे। इंद्रजीत विरमानी ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान करके तीन लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। रक्त का दान महादान है, जिसमें मनुष्य का कोई स्वार्थ नहीं होता।



### शिविर में 42 लोगों ने किया रक्तदान

*इंद्रजीत विरमानी ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में तैयार नहीं होता है ।शिविर में 42 लोगों ने रक्तदान किया। अध्यक्षता ब्रांच मैनेजर मिहिर कुमार मिश्रा ने की। आरडब्ल्यूए सेक्टर सात के अध्यक्ष संजय दूहन विशिष्ट अतिथि रहे। संयोजन रणजीत दहिया, वीरेंद्र, कृष्ण मोर, दीपक मोर ने किया और चारों ने रक्तदान भी किया। शिविर में निखिल नेहरा, मनीष, पवन कुमार, विजय, साहिल, रविंद्र खटक,सज्जन सिंह, पिंकी, हरिओम, सोनिया, डा. जगत सिंह, रविंद्र सहरातव ने रक्तदान किया।*



गन्नौर। ललित परिधान स्पर्धा के प्रतिभागी छात्र परिषद के पदाधिकारी व स्कूल शिक्षकों के साथ।

### ललित परिधान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया प्रतिभा का जादू

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में ललित परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों से कुल 37 बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक अजय यादव द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। प्रतियोगिता दो वर्गों में सम्पन्न हुई। बच्चों ने मनमोहक पोशाकें पहनकर अपनी भाषा और अभिव्यक्ति के माध्यम से सबका ध्यान आकर्षित किया। मंच संचालन शाखा अध्यक्ष मंजू शर्मा और संयोजक सुशील त्यागी ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में राजिंदर वर्मा और बलवान ने अपनी भूमिका निभाई। कनिष्ठ वर्ग में चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल के हार्दिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.आर. ग्लोबल स्कूल के विहान और जे.पी. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल की अंजना ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि गीता विद्या मंदिर की युक्ति तृतीय स्थान पर रही। इसके अतिरिक्त हैप्पी चाइल्ड हाई स्कूल की ग्रेसी, आर्य आदर्श विद्यालय की निधि और जे.पी. जैन पब्लिक स्कूल के वरदान को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। वरिष्ठ वर्ग में आर.एन. टैगोर पब्लिक स्कूल की राशि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रीतम आहूजा, पूनम सिंघल, अजय यादव, सुशील त्यागी, न्यूविश, मंजीत, नीलम सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मृत को भी वेंटिलेटर पर रखकर काटा बिल अब नहीं चलेगा ये अमानवीय धंधा : देवेंद्र

■ इलाज नहीं, लूट का अड्डा बनते जा रहे कुछ निजी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अस्पतालों में अमानवीय लूट के खिलाफ अब जनप्रतिनिधि भी आवाज़ बुलंद करने लगे हैं। गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने इस पर सख्त प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अब इस तरह का अमानवीय व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वायरल वीडियो में विधायक ने कहा, डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, लेकिन जब सेवा की जगह लालच हावी हो जाए, तो यह समाज के लिए खतरे की घंटी है। इलाज अब व्यापार बन चुका है, जिसमें मरीज की जान के नाम पर परिजनों को लूटा जा रहा है। सोनीपत सहित आस-पास के क्षेत्रों में कुछ निजी अस्पतालों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### विधानसभा में उठाई जाएगी आवाज़

इलाज के नाम पर मरीजों और उनके परिजनों से खुलेआम मनमाने ढंग से पैसे वसूले जा रहे हैं। ताजा मामलों में यह भी सामने आया है कि कुछ अस्पतालों ने मृत मरीजों को भी वेंटिलेटर पर रखकर लाखों रुपये का बिल बना दिया। जब परिजनों ने सवाल उठाए, तो उन्हें चुप कराने की कोशिश की गई और डराया-धमकाया गया। सबसे चौंकाने वाला मामला एक अधेड़ व्यक्ति से जुड़ा है, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों को बताया गया कि उसकी हालत गंभीर है और वेंटिलेटर जरूरी है। मरीज को दो दिन तक मशीनों से जोड़े रखा गया और इस दौरान कई लाख रुपये का बिल थमा दिया गया। बाद में जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, तो पता चला कि मरीज की मौत दो दिन पहले ही हो चुकी थी। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि ऐसे मामलों में अस्पताल मानसिक दबाव बनाकर बार-बार जांच कराते हैं। छोटी-बड़ी हर सेवा का चार्ज बिल में जोड़ दिया जाता है। विधायक ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में अब चुप नहीं बैठा जाएगा। उन्होंने बताया कि सोनीपत जिले के सभी विधायक इस विषय को सरकार तक ले जाएंगे और विधानसभा में भी आवाज़ उठाई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि मरीज की जान के नाम पर पैसा वसूलना सिर्फ़ अमानवीय नहीं, बल्कि कानूनन अपराध है। जो अस्पताल इस भरोसे को तोड़ रहे हैं, उन्हें अब सुधरना होगा, वरना सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।



देवेंद्र कादियान



गोहाना। बैठक में अपनी बात रखते हुए नगर पार्षद।

### सफाईकर्मियों से नाराज नजर आए पार्षद

**गोहाना।** मंगलवार को नगर परिषद (नप) कार्यालय में सदन की बैठक हुई। बैठक में नगर पार्षद सफाई कर्मियों से नाराज नजर आए। पार्षदों ने कहा कि सफाई कर्मी मनमाने ढंग से काम करते हैं। कब आते हैं और कब चले जाते हैं इसके बारे में नगर पार्षदों को पता नहीं चलता। इसके साथ में नगर पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कराने के प्रस्ताव दिए। शहर में पजांबी धर्मशाला बनाने की मांग उठी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रजनी विरमानी ने की। नगर पार्षद जतीश कपूर व जगदीश राय ने कहा कि सफाई कर्मी मनमाने ढंग से काम करते हैं। कब आते हैं और कब चले जाते हैं इसके बारे में नगर पार्षदों को पता नहीं चलता। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जो सफाई कर्मी जिस वार्ड में जाए उसकी सूचना नगर पार्षद को दी जाए। नगर पार्षद अपने हिसाब से सफाई काम कराएंगे। इस पर नप अध्यक्ष रजनी विरमानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पार्षदों का वाट्सएप्स ग्रुप बनाया जाएगा, जिसमें रोजाना यह जानकारी दी जाए किस वार्ड में कौन-कौन सफाई कर्मी गए। सफाई कर्मियों के मोबाइल नंबर भी दिए जाएं। नगर पार्षद मुकेश देवगन ने कहा कि शहर में वार्ड 15 के पास मीट मार्केट है और यहां पर गंदगी फैली रहती है। मीट मार्केट को दूसरी जगह शिफ्ट करके यहां पर नगर परिषद पुस्तकालय बनाएं। देवगन ने वार्ड 12 और नौ में नगर पार्षदों की नेम प्लेट न लगाने का मुद्दा भी उठाया। पार्षदों ने शहर में पंजाबी धर्मशाला बनाने की भी मांग की।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित एस्सेसरीज दुकानदार साथ में मेयर एवं निगम आयुक्त।

### सड़कों को कूड़ा घर ना बनायें : मेयर

**सोनीपत।** कारों एवं अन्य वाहनों पर फिल्म लगाने समेत अन्य एस्सेसरीज बेचने वाले दुकानदार सड़कों पर गंदगी ना फैलाएं, अक्सर देखने में आया है कि कार पर एस्सेसरीज लगाने के बाद बचे हुए टुकड़े सड़क पर ही पड़े रहते हैं जो विजिबल कूड़े के रूप में शहर को बदरंग बनाते हैं। यह चर्चा कार घर मालिकों एवं निगम अधिकारीयों के बीच नगर निगम में आयोजित बैठक में की गई। बैठक में मेयर राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत को इंदौर जैसा स्वच्छ सुंदर शहर बनाना है तो प्रत्येक नागरिकों को स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के साथ साथ सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि जब हम अपने घरो में कूड़ा नहीं रख सकते तो फिर सड़कों को कूड़ा घर ना बनायें। निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि हम सख्ती की बजाये आपसी संवाद से स्वच्छता अभियान को कामयाब बनाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुरथल रोड पर एक कार घर का एक ट्राली कचरा नाले में जमा मिला जो पूरी तरह अशोभनीय है। मुख्य सफाई निरीक्षक सतेंद्र दहिया ने कहा कि सभी कार घर वाले अपनी एसोसिएशन का गठन करें और हमारा जो सहयोग चाहिए वह अवश्य मिलेगा। दुकानदारों में सुनील, मोनू, संदीप, राहुल, निर्दोष, सोनू, प्रेम, हरि प्रकाश मित्तल, नितिन, भानु, सुरेंद्र, दीपक आदि उपस्थित रहे।

प्रदर्शन | दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, मुरथल के हॉस्टल नंबर 1 का मामला

# मैस कर्मचारी की छंटनी के खिलाफ अनशन शुरू

## सुपरवाइजर की नियुक्ति में भ्रष्टाचार और संबंधवाद के आरोप लगाए

■ आंदोलन का नेतृत्व सर्व कार्मचारी संघ सोनीपत के पूर्व उपप्रधान एवं सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, मुरथल के हॉस्टल नंबर 1 के मेस सुपरवाइज़र की नियुक्ति में भ्रष्टाचार और संबंधवाद के आरोप लगाते हुए हटाए गए कर्मचारी ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। राजेश कुमार गोस्वामी ने आरोप लगाए हैं कि आरोपों के संबंध में अनेक कर्मियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को दी थी। कर्मचारियों ने आरोप लगाया था कि सेवानिवृत्त मैस सुपरवाइजर की जगह बाहरी व्यक्ति, जो संबंधित अधिकारी का रिश्तेदार है, को नियुक्त करने की साजिश रची जा रही है। परंपरा के विपरीत, मेस कर्मचारियों में से वरिष्ठता और योग्यता के आधार पर पदोन्नति न देकर बाहरी नियुक्ति का प्रयास किया गया।



सोनीपत। यूनिवर्सिटी में आमरण अनशन पर बैठे राजेश साथ में अन्य कर्मचारी।

### प्रमुख मांगें

- *हरियाणा कौशल रोजगार निगम में सभी हॉस्टल वर्कर एवं मेस कर्मचारियों को शामिल किया जाए, जिससे नौकरी का भरोसा और अधिकार सुरक्षित रहे।*
- *राजेश कुमार गोस्वामी की तत्काल पुनः बहाली और पिछले दो माह से रुका वेतन दिया जाए।*
- *हॉस्टल नंबर 1 के मेस सुपरवाइजर की नियुक्ति की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।*
- *नियुक्तियों में वरिष्ठता, योग्यता और सेवा भाव को प्राथमिकता दी जाए, जिससे योग्य कर्मियों का हक सुरक्षित रहे।*

### राजेश के परिवार पर मानसिक संकट गहराया

शिकायत मिलने के पश्चात कार्रवाई की उम्मीद थी, लेकिन प्रशासन ने शिकायत का समाधान करने के बजाय शिकायतकर्ता मैस कर्मचारी यूनियन के सचिव राजेश कुमार गोस्वामी को ही बिना किसी लिखित कारण के नौकरी से हटा दिया। बार-बार कुलपति, कुलसचिव एवं चीफ वॉर्डन के समक्ष निवेदन किए जाने के बावजूद, न तो उनकी सुनवाई हुई और न ही उन्हें न्याय मिला। इससे राजेश के परिवार पर आर्थिक और मानसिक संकट गहरा गया है। इसके विरोध में राजेश कुमार गोस्वामी ने विश्वविद्यालय के वाइस-चांसलर ऑफिस के आगे आमरण अनशन शुरू कर दिया है।



### सफाई कर्मचारी आज करेंगे पैदल यात्रा

**सोनीपत।** सोनीपत नगर निगम में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बलि सेना के सभी ठेका सफाई कर्मचारी एकत्र हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। प्रधान मुकेश टांक ने कहा कि सोनीपत नगर निगम से शहर के ठेका सफाई कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया है। सरकार को चाहिए कि ठेका प्रणाली समाप्त कर कर्मचारियों को महकमे के रोल पर ले। उन्होंने बताया कि यूनियन ने ठेका प्रथा समाप्त कराने के लिए महा आंदोलन की तैयारी की है। इसके तहत बुधवार को सुबह 7 बजे सभी सफाई कर्मचारी नगर निगम कार्यालय में इकट्ठा होकर पैदल यात्रा शुरू करेंगे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के चंडीगढ़ स्थित निवास तक पहुंचकर अपनी मांगें रखेंगे।